# बिहार सरकार
## गन्ना उद्योग विभाग

संचिका संख्या–01 / स्था०क्षे०–523 / 2025 पटना, दिनांक जनवरी, 2026

## का र्या ल य आ दे श

कृषि विभाग के आदेश संख्या–4140 दिनांक–04.09.2025 क्रमांक–287 द्वारा बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–01 (शष्य) के पदाधिकारी मो० शाहनवाज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौंपी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–2831 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा मो० शाहनवाज को दिनांक–06.09.2025 के पूर्वाह्न से विरमित किया गया है। मो० शाहनवाज द्वारा गन्ना उद्योग विभाग में दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1525 दिनांक–06.10.2025 के क्रमांक–10 द्वारा मो० शाहनवाज, ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय सहायक निदेशक, ईख विकास, बेतिया के पद पर पदस्थापित किया गया। जिसके अनुपालन में मो० शाहनवाज ने पदस्थापित कार्यालय में दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किया है। इस प्रकार प्रभार रहित अवधि दिनांक–07.09.2025 से 06.10.2025 तक है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में मो० शाहनवाज, ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय सहायक निदेशक, ईख विकास, बेतिया का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक कुल–29 (उनतीस) दिनों का पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति तथा अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–523 / 2025 / पटना, दिनांक– जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, प० चम्पारण (बेतिया) / उप सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–523 / 2025** 45 **/ पटना, दिनांक–**09 **जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि–वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग, बिहार, पटना / सहायक निदेशक, ईख विकास, बेतिया / मो० शाहनवाज, ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय सहायक निदेशक, ईख विकास, बेतिया / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/01/26

**अवर सचिव।**